38 घटे बाद राप्ती नदी में डूबे युवक का मिला शव

◆परिवार में मचा कोहराम◆कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बंजरहा के पास राप्ती नदी किनारे मिला शव◆एसएसबी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने चलाया था सर्च ऑपरेशन

धानीबाजार(महराजगंज)। विकास खण्ड धानी के धानी- खड़खड़िया पुल के पास राप्ती नदी में बुधवार की रात मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव 38घंटे बाद बरामद हुआ। शुक्रवार को युवक का शव गोरखपुर जनपद के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बंजरहा के पास नदी किनारे मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस प्रशासन ने शव को परिजनो से शिनाख्त करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नौसागर टोला सुख चयनपुर निवासी रमेश पुत्र रामदवन लगभग 30 वर्ष बुधवार की रात मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान खड़खड़िया पुल से राप्ती नदी में गिर गया था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा युवक की तलाश शुरू कराई गई। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ एसडीएम प्रेमशकर पाण्डेय सीओ दीपशिखा वर्मा बृजमनगंज थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र सहित पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा अविनाश सिंह भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रात में अंधेरा और बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण तत्काल बचाव अभियान चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बाद युवक की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गईं। गुरुवार को भी एसएसबी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने नदी में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका था। 38 घटे बाद शुक्रवार को गोरखपुर जनपद कैम्पियर गजं थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बंजरहा के पास नदी किनारे युवक का शव बरामद हुआ। इस सम्बध मे थानाध्यक्ष बृजमनगंज मदन मोहन मिश्र ने बताया कि शव को परिजनो द्वारा शिनाख्त कराकर पीएम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

छठ घाटों का केंद्रीय राज्य मंत्री एवं विधायक ने किया निरीक्षण



बड़हलगंज (गोरखपुर)। केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई एवं लाइट की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सरयू नदी तट पर बैरिकेडिंग कराने का सुझाव दिया। शुक्रवार की देर शाम बड़हलगंज पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री श्री पासवान ने छठ के पूर्व ऐतिहासिक लेटाघाट पर व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि नदी तट पर बना प्लेटफार्म व धर्मशाला कार्यक्रम के लिए बहुत ही अच्छा स्थान है। विधायक श्री त्रिपाठी ने श्री पासवान से लेटाघाट पर लगे ट्रांसफार्मर को ऊंचा प्लेटफार्म बनकर स्थापित करने का अनुरोध किया जिस पर श्री पासवान ने चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर से प्रस्ताव भेजवाने की बात कहीं। इस दौरान बड़हलगंज ब्लॉक प्रमुख/ प्रशासक राम अशीष राय, नायब तहसीलदार अभिषेक सोनी, गोपाल यादव, पूर्व प्रमुख बसंत पासवान, मानस त्रिपाठी, लिपिक सुनील कुमार, सुरेश उमर मौजूद रहे।

केन्द्रीय मंत्री ने चेयरमैन को दी जन्मदिन की बधाई



बड़हलगंज (गोरखपुर)। शुक्रवार को चेयरमैन डा प्रीति उमर के जन्मदिन की सूचना पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश पासवान, विधायक राजेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष राय के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन डा प्रीति उमर को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। नगर पंचायत के कमर्चारियों ने भी लिपिक सुनील कुमार नेतृत्व में चेयर मैन को पुष्पगुच्छ प्रदान कर जन्मदिन की बधाई देने के साथ उनके लम्बी उम्र की कामना किया। इस अवसर पर चेयर मैन प्रतिनिधि महेश उमर, पूर्व प्रमुख शिवाजी चन्द, बसन्त पासवान, सुनील पासवान, नायब तहसीदार अभिषेक सोनी, सभासद सुनील यादव, राकेश राय, राजीव मिश्र, ऋषि चन्द, दीपक शर्मा, हरपाल नागवानी, आनन्द त्रिपाठी, सुधीर पटेल, रमेश शाही आदि मौजूद थे।

धोबौली ने मकरंदपुर को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी



◆फाइनल में 11 रन से दी शिकस्त, विजेता टीम को मिला 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार◆निशांत सिंह बने मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट प्लेयर

बड़हलगंज (गोरखपुर)। मकरंदपुर गांव में आयोजित स्वर्गीय हरिवंश सिंह स्मृति कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में धोबौली की टीम ने मक रंदपुर को 11 रन से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को स्वर्गीय हरिवंश सिंह के परिवार की ओर से ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद मकरंदपुर और धोबौली की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख राम आशीष राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए धोबौली की टीम ने 122 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मक रंदपुर की टीम निर्धारित ओवरों में 111 रन ही बना सकी। इस तरह धोबौली ने 11 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। तिवारी ने विजेता, उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, परिश्रम, आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर और बेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार दिए गए। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार धोबौली के निशांत सिंह को मिला।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान स्वर्गीय हरिवंश सिंह के परिवार के जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, यादवेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह और रणविजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में मकरंदपुर गांव के युवाओं अशोक, सोनू, विनय और प्रेम सहित अन्य का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर मारपीट,छः गिरफ्तार



◆गोपालपुर में दो पक्षों के बीच हुआ विवाद◆शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने की कार्रवाई; डीजे का भी किया चालान

गोलाबाजार(गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शराब पीकर डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया।

साथ ही डीजे का चालान कर दिया गया। कोतवाल गोला सीपी पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में देवकली वार्ड नंबर 17 निवासी अमन मधेसिया उर्फ प्रदुम्न (31) पुत्र राज कुमार मधेसिया और सुनील कुमार (46) पुत्र स्व. गोरख प्रसाद, रकौली निवासी विनोद कुमार (44) पुत्र स्व. जगदीश यादव, रमेश यादव (49) निवासी शुभम त्रिपाठी (22) पुत्र ध्रुव पुत्र जयप्रकाश यादव, गोपालपुर नारायण त्रिपाठी तथा भड़सड़ा निवासी विवेक कुमार (22) पुत्र जयप्रकाश शामिल हैं। वहीं प्रथम पक्ष की ओर से गोपालपुर निवासी रितेश पांडेय (20) पुत्र अजय पांडेय का हैं। उन्होंने बताया कि गोपालपुर में शराब पीकर डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर मारपीट और विवाद की सूचना मिली थी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजे का भी चालान किया गया है। सभी गिरफ्तार लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद एसडीएम गोला के समक्ष पेश किया गया।

धान की कटाई को लेकर दबंगई,ईंट-पत्थर से हमला

◆गाड़ी की लाइट तोड़ी,जान से मारने की धमकी◆दोहरीघाट क्षेत्र के मुहम्मदाबाद सिपाह में दिनदहाड़े हुई घटना◆पीड़ित ने डायल 112 पर दी सूचना और थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

दोहरीघाट (मऊ)। थाना क्षेत्र के मुहम्मदाबाद सिपाह गांव में गुरुवार दोपहर खेत में धान की कटाई कराने के दौरान एक व्यक्ति पर ईंट-पत्थर से हमला करने, गाड़ी में तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने इस संबंध में दोहरीघाट थाने में नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। मुहम्मदाबाद सिपाह निवासी रजनीश राय पुत्र स्व. विश्वनाथ राय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब 2:15 बजे वह अपनी भाभी के खेत में धान की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही अमर राय उर्फ मुन्ना पुत्र स्व. दयाशंकर राय मौके पर पहुंचे और धान काटने को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और ईंट-पत्थर चलाकर रजनीश के हाथ व पैर पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़ित की गाड़ी की हेड लाइट भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि "तुम मेरा आपराधिक इतिहास नहीं जानते हो।" हमले के बाद पीड़ित ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़ित ने दोहरीघाट थानाध्यक्ष को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभिभावकों की हुई काउंसलिंग

सहजनवां (गोरखपुर)। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के 50 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सहजनवां पर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में 50 दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को काउंसलिंग दी गई। जिसमें पेरेंट्स को बताया गया कि उनको अपने दिव्यांग बच्चों को किस तरीके से समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए एवं उनको प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तथा बेसिक शिक्षा विभाग से मिलने वाली ढेर सारी योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत संतोष यादव एवं मूलचन्द का मार्गदर्शन मिला। तथा ब्लॉक में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर जय किशन, अनूप कुमार पाठक, माधव प्रसाद एवं बीआरसी के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

स्कूल जाने के लिये निकला छात्र लापता,केस दर्ज



सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी अश्वनी कुमार पुत्र आनंद कुमार 17 वर्ष जो मुरारी इंटर कालेज में 10वीं का छात्र है। गुरुवार को दिन में 10 बजे वह स्कूल जाने के लिये घर से निकला था। लेकिन वह देर रात्रि तक घर नहीं पहुंचा। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। छात्र के पिता आनंद कुमार को तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

छठ पूजा की तैयारियां पूरी,सरयू के घाटों पर सजीं पूजा वेदियां;बाजारों में बढ़ी रौनक



◆रामामऊ,बेवरी,श्यामा,पक्का घाट और विसरा पर श्रद्धालुओं ने पूरी की तैयारी◆तीन दिन यातायात व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए पुलिस ने कसी कमर

गोलाबाजार (गोरखपुर)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर पंचायत गोला में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सरयू नदी के रामामऊ, बेवरी, श्यामा, पक्का घाट, विसरा सहित अन्य विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने पूजा के लिए वेदियों का निर्माण लग भग पूरा कर लिया है। न.पं. प्रशासन की ओर से घाटों पर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उधर, छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। उपनगर के मुख्य चौराहों से लेकर गोला-उरुवा, कौड़ीराम, बड़हलगंज मार्ग पर फल, पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं।

शुक्रवार सुबह से ही बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। मुख्य चौराहों और सड़कों की पटरियों पर दुकानें लगने से आवा गमन भी प्रभावित होने लगा है। तीन दिन यातायात व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए गोला पुलिस कसी कमर..छठ पर्व के दौरान घाटों और बाजारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अपनी कमर कस लिया है। खासकर पश्चिमी चौराहे और बेवरी चौराहे पर दुकानों के सड़क की पटरियों तक फैलने से जाम की समस्या बढ़ सकती है। रामजानकी मार्ग के निर्माण के बाद इस रास्ते पर बड़े वाहनों का आवागमन भी बढ़ा है। सामान्य दिनों में ही जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में पर्व के दौरान बड़े वाहनों के संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस विशेष सतर्कता स्वीकार कर अपने को पूरी तरह तैयार है।

एसडीएम ने किया घाटों का निरीक्षण.. इसीक्रम में गुरुवार को एसडीएम गोला मनीष कुमार ने सरयू नदी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े इंतजाम देखे। नगर पंचायत प्रशासन को पर्व से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने तथा नदी के गहरे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

किराएदार पर मकान कब्जा करने और किराया न देने का आरोप

◆महिला ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार◆मकान खाली कराने की बात पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) सोनौली कस्बे के घनश्याम नगर में एक मकान मालिक महिला ने अपने किराएदार पर किराया देने में आनाकानी करने, मकान खाली नहीं करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़िता ने इस संबंध में डीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। घनश्याम नगर निवासी रिचा पुरी पत्नी इंद्रपुरी ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में बताया कि उनके मकान में एक किराएदार काफी समय से रह रहा है। उनके सास-ससुर के जीवित रहने के दौरान किराएदार समय-समय पर किराया देता था, लेकिन उनके सास-ससुर के निधन के बाद किराएदार की नीयत बदल गई। आरोप है कि अब वह किराया देने में आनाकानी करने लगा है। इतना ही नहीं, मकान खाली करने के लिए कहने पर भी वह मकान छोड़ने को तैयार नहीं है। पीड़िता के अनुसार, जब उन्होंने किराएदार से मकान खाली करने और बकाया किराया देने की बात कही तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोप है कि किराएदार उनके साथ गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। इस व्यवहार से महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिला का कहना है कि मकान किराए पर देना किसी की मजबूरी या रोजगार का माध्यम हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि किराएदार मकान मालिक के अधिकारों की अनदेखी करे। किराया न देना और मकान खाली करने से इनकार करना कानून और सामाजिक मर्यादा के विपरीत है।

रिचा पुरी ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर किराएदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा मकान खाली कराने के संबंध में न्याय दिलाने की मांग की है। अब देखना है कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है।

मंगलगीत गाकर महिलाओं ने घाटों पर बनाई बेदियां



दोहरीघाट (मऊ)। ब्लाक क्षेत्र में छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सरयू नदी के घाटों के साथ ही ग्रामीण इलाकों के तालाबों के किनारे साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य अंतिम दौर में पहुंच गया है। कस्बे के रामघाट, गोंठा, फरसरा खुर्द, नई बाजार, कोरौली, बेलौली, हरिपरा और शाहपुर समेत विभिन्न स्थानों पर घाटों को रोशनी से जगमग करने के लिए नगर पंचायत और पूजा समितियों की ओर से बांस लगाने सहित अन्य तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। शुक्रवार को श्रद्धालु घाटों पर पहुंचकर अपने लिए स्थान सुरक्षित करने के साथ ही बेदियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। इस दौरान चारों ओर छठ मईया के पारंपरिक मंगलगीतों की स्वरलहरियां गूंजती रहीं। महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंगलगीत गाते हुए बेदियां बनाने की परंपरा निभाई। कस्बे के रामघाट पर छठ पूजा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। इसे देखते हुए नगर पंचायत की ओर से शुक्रवार को दिन भर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम चलता रहा। घाट पर आकर्षक पंडाल बनाने के साथ ही मैट बिछाई जा रही है। वहीं, भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। देर शाम तक महिलाएं अपनी-अपनी बेदियों को अंतिम रूप देने में जुटी रहीं। घाटों पर छठ पूजा की तैयारियों के बीच उत्सव जैसा माहौल नजर आने लगा है।

प्राईवेट बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। थाना कोतवाली खलीलाबाद निवासी सीताराम पुत्र समुंदर यादव का बेटा परमात्मा यादव गुरुवार को अपराह्न 3 बजे बाइक से अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर गोरखपुर से घर आ रहा था। कसरवल के पास अनियंत्रित बस ने उसे रौंद दिया था। जिसमे बेटे परमात्मा यादव की मौके पर मौत हो गई थी। बहु और बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

छठ पर्व को लेकर एसडीएम ने किया घाटों का निरीक्षण



◆व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

सहजनवां (गोरखपुर)। शुक्रवार को एसडीएम सहजनवां नमन मेहता ने थाना चौराहा पिपरा का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने घाट की साफ-सफाई, पानी की गहराई, आने-जाने वाले रास्ते, प्रकाश सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के एक-एक बिंदु का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पहले घाट की पूरी तरह से साफ-सफाई करा ली जाए, जिससे व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गहरे पानी के किनारे बांस-बल्ली लगा कर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान अनेक सफाई कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

तहसीलदार न्यायिक के आवास से सीवर और गंदा पानी गिरने से अधिवक्ताओं में आक्रोश



◆बड़ी संख्या में अधिवक्ता बैठकर वकालत से जुड़े कार्य करते हैं◆चैंबर के ऊपरी तल पर तहसीलदार न्यायिक का आवास है, जहां अधिकारी परिवार के साथ रहते हैं◆आरोप है कि आवास से निकलने वाला गंदा पानी और सीवर का पानी नीचे स्थित अधिवक्ताओं के चैंबर में आ रहा है◆अधिवक्ताओं के अनुसार पानी गिरने से चैंबर में लगातार गंदगी बनी रहती है◆तेज दुर्गंध के बीच बैठकर काम करना मुश्किल हो गया है◆चैंबर में आने-जाने वाले वाद कारियों को भी परेशानी हो रही है◆गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है◆अधिवक्ताओं का कहना है कि समस्या को लेकर पहले भी मौखिक शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया गया।

सहजनवां (गोरखपुर)। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बनाए गए नए चैंबर में बैठना भी मुश्किल हो गया है। चैंबर के ठीक ऊपर बने तहसीलदार न्यायिक के आवास से सीवर और गंदा पानी नीचे गिर रहा है। इससे कमरों में दुर्गंध फैल रही है। गंदगी और संक्रमण के खतरे से नाराज अधिवक्ताओं ने गुरुवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके त्रिपाठी ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय के बगल में अधिवक्ताओं के लिए नया चैंबर बनवाकर आवंटित किया गया है। यहां बैठकर वे वकालत से जुड़े कार्य करते हैं। चैंबर के ऊपरी तल पर तहसीलदार न्यायिक का आवास है, जहां अधिकारी परिवार के साथ रहते हैं। आरोप है कि आवास से निकलने वाला गंदा पानी और सीवर का पानी नीचे स्थित अधिवक्ताओं के चैंबर में आ रहा है। अधिवक्ताओं के अनुसार पानी गिरने से चैंबर में लगातार गंदगी बनी रहती है। तेज दुर्गंध के बीच बैठकर काम करना मुश्किल हो गया है। चैंबर में आने-जाने वाले वाद कारियों को भी परेशानी हो रही है। गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि समस्या को लेकर पहले भी मौखिक शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया गया।

बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक सीवर और गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य में हिस्सा नहीं लेंगे।

छठ घाट की सफाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

धानीबाजार (महराजगंज)। विकास खंड धानी के ग्राम सभा कानापार स्थित धानी बाजार में राप्ती नदी के तट पर प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। लेकिन विडंबना है कि छठ पर्व पर घाट की साफ-सफाई को लेकर हर साल खर्च किए जाने वाले धन के बावजूद इस बार घाट की सफाई नहीं कराई गई है। जानकारी के अनुसार छठ घाट की सफाई के नाम पर प्रत्येक वर्ष भारी-भरकम धनराशि खर्च दिखाई जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से सफाई के नाम पर लाखों रुपये का फर्जी भुगतान कराया भी जाता है। संत वर्मा सुरेश राजू राजेश सुबाष रितेश सत्यम दिलीप सिब्बू सहित तमाम ग्रामीणो ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छठ घाट की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए तथा पिछले वर्षों में सफाई के नाम पर किए गए भुगतान, कार्यों और खर्च का स्थलीय सत्यापन कराकर जांच कराई जाए।

जमीनी विवाद को लेकर ग्रामीण व अधिवक्ता में खींचातानी



रुद्रपुर (देवरिया)। स्थानीय तहसील परिसर में ग्राम कोरवां के कुछ ग्रामीण एक अधिवक्ता के विरुद्ध नारे बाजी कर रहे थे। इसी बीच एक ग्रामीण महिला ने महिला अधिवक्ता के लिए घोर अशोभनीय शब्दों का इस्ते माल किया। जिससे अधिवक्ता गण उद्वेलित हो गए। एसडीएम राज कुमार गुप्ता से मांग करने लगे कि पुलिस प्रशासन बुलाकर इनको हिरासत में सौंपा जाए। इसी बीच ग्रामीणों और अधिवक्ताओं के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई। प्रशासन के लोगों ने बीच बचाव किया। मामले को नियंत्रित करने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोरवां में बहुत पहले से कुछ ग्रामीणों और अधिवक्ता बीना शर्मा के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा एसडीएम कोर्ट, सिविल न्यायालय में चल रहा है। रास्ते के विवाद को लेकर बुधवार को दोनों पक्षों में कहा-सुनी हुई थी जिसमें 5 ग्रामीणों सुभाष, बाबूराम,कमला, चंद्रावती और रीना देवी को शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया था।

कम्बाइन मालिक पर धारदार हथियार से हमला,35 हजार छीनने का आरोप

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के कोदरी में कम्बाइन चालक द्वारा जमीन गीला होने पर फसल काटने से इंकार करने पर मनबढ़ों ने चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव करने पहुंचे कम्बाइन मालिक पर मनबढ़ों ने धारदार हथियार से हमला कर उसके जेब में रखा 35 हजार रुपया छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कोदरी निवासी संजय सिंह पुत्र बदल बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि वह कम्बाइन मशीन के मालिक हैं। गुरुवार को उनका कम्बाइन चालक सीवान में धान काटने गया था। गांव के एक व्यक्ति के खेत में धान काटने गया, लेकिन जमीन गीली होने के कारण चालक ने कम्बाइन मशीन को खेत से बाहर निकाल दिया। इसके बाद मनबढ़ उसे मारने-पीटने लगे। बचाव करने पहुंचे मालिक को मनबढ़ों ने जुटकर मारते-पीटते हुए उसके जेब में रखा 35 हजार रुपया छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि मामले की जांच कराई गई है। मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।